ऋषि ने उस शिष्य का इंतज़ार करने को कहा। तब उन्होंने दूसरे शिष्य से वही सवाल किया और दूसरे शिष्य ने जवाब दिया, ''मुझे सिर्फ चिड़िया की आँख दिखाई दे रही है।'' तब ऋषि ने कहा, ''बहुत अच्छा, अब तीर चलाओ।'' तीर सीधा जाकर चिड़िया की आँख में लगा।

इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है? अगर हम अपने मकसद पर ध्यान न लगाएँ तो अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकते। अपने मकसद पर ध्यान लगाना एक मुश्किल कार्य है, मगर यह एक गुण है जिसे सीखा जा सकता है।

जीवन के रास्तों पर चलते हुए अपनी आँखें अपने लक्ष्य पर जमाए रहें। आम पर ध्यान दें, गुठली पर नहीं।

On the journey to life's highway, keep you eyes upon the goal. Focus on the donut, not upon the hole.

अपनी नज़र लक्ष्य पर रखें

4 जुलाई 1952 करे फ्लोरेंस चैडविक (Florence Chadwick) कैटलिना चैनल को तैरकर पार करने वाली पहली महिला बनने वाली थी। वह इंग्लिश चैनल को पहले ही पार कर चुकी थी। सारी दुनिया देख रही थी। चैडविक ने घने कोहरे, हड्डियों तक कँपकँपाने वाली ठंड और कई बार शार्क मछलियों का मुकाबला किया। वह किनारे पर पहुँचने का प्रयास कर रही थी, लेकिन जब भी उसने अपने चश्मे से देखा उसे घना कोहरा ही दिखाई दिया।

किनारा न दिखाई देने की वजह से उसने हार मान ली। चैडविक को सदमा तब लगा जब उसे पता चला कि वह किनारे से सिर्फ आधा मील दूर रह गई थी, उसने हार मान ली थी, इसलिए नहीं कि बाधाओं ने उसकी हिम्मत तोड़ दी थी बल्कि इसलिए कि उसे अपना लक्ष्य कहीं नज़र नहीं आ रहा था। उसने कहा था, ''मैं बहाने नहीं बना रही हूँ। अगर मैंने किनारा देखा होता तो मैं जरूर कामयाब हो जाती।''

दो महीने बाद, वह फिर वापिस गई और उसने कैटलिना चैनल को पार कर लिया। इस बार खराब मौसम के बावजूद भी उसने अपने लक्ष्य पर निगाह रखी और न केवल सफल रही, बल्कि उसने पुरुषों के रिकॉर्ड को भी दो घंटे के समय से तोड़ा।

लक्ष्य क्यों जरूरी है ?

Why are goals important?

तेज़ धूप और शक्तिशाली मैगनीफाइंग ग्लास (magnifying glass) के बावजूद भी कागज को आग तब तक नहीं पकड़ सकती, जब तक आप उसे हिलाते रहेंगे। लेकिन अगर थोड़ी देर आप उसे स्थिरता से पकड़े रहेंगे तो एकदम कागज़ आग पकड़ लेगा। ध्यान लगाने और फोकस (focus) करने में ऐसी ताकत होती है।

एक बार एक यात्री एक चौराहे पर रुका। उसने एक बुजुर्ग से पूछा, ''यह सड़क मुझे कहाँ ले जाएगी?'' बुजुर्ग ने पलट कर पूछा, 'तुम कहाँ जाना चाहते हो?'' उस यात्री ने कहा, ''मैं नहीं जानता।'' बुजुर्ग ने कहा, ''तब कोई भी सड़क ले लो। क्या फर्क पड़ेगा?'' कितनी सही बात है। जब हम यह जानते ही नहीं कि हमें कहाँ जाना है तो कोई भी सड़क हमें वहाँ ले जाएगी।

मान लीजिए कि आपकी फुटबॉल की टीम खेलने के लिए पूरे उत्साह के साथ तैयार है, तभी अचानक कोई गोल पोस्ट (goal post) को हटा देता है। तब खेल क्या होगा? अब वहाँ कुछ भी नहीं बचा। आप स्कोर कैसे रखेंगे? आप कैसे जानेंगे कि आप पहुँच गए हैं? बिना दिशा के उत्साह जंगली आग की तरह है जिससे मायूसी ही मिलती है। लक्ष्य दिशा का अहसास कराते हैं।

क्या आप किसी ऐसी ट्रेन या बस में बैठेंगे, बिना यह जाने कि वह कहाँ जा रही है ? इसका सीधा–सा जवाब होगा, नहीं। बस या ट्रेन में तो नहीं बैठेंगे, लेकिन ज़िंदगी के सफर में बिना लक्ष्य के लोग चलने को क्यों तैयार हो जाते हैं?

सपने Dreams

लोग लक्ष्यों को अक्सर इच्छा या सपने समझने की भूल करते हैं। सपने और इच्छाएँ सिर्फ चाहत के सिवा कुछ नहीं हैं। चाहतें कमज़ोर होती हैं। चाहतें तब मज़बूत हो जाती हैं जब इनकी बुनियाद नीचे लिखी बातों से बनती है:–

– दिशा (direction)
– समर्पण (dedication)
– दृढ़ निश्चय (determination)
– अनुशासन (discipline)
– निश्चित समय (deadlines)

यही वे बाते हैं जो इच्छा और लक्ष्यों में अंतर करती हैं। लक्ष्य वे सपने हैं जिनमें निश्चित समय और हासिल करने का प्लान होता है। लक्ष्य मूल्यवान या मूल्यहीन हो सकते हैं। लगन ही सपनों को असलियत में बदलती है, न सिर्फ इच्छा।

सपनों को असलियत में बदलने के कदम :

1. लक्ष्य निश्चित और साफ लिखें।
2. इसे हासिल करने का प्लान बनाएँ।
3. पहली दो बातों को रोज़ दो बार पढ़ें।

ज्यादातर लोग अपने लक्ष्य क्यों नहीं बनाते ?

Why don't more people set goals?

इसके कई कारण हैं, जिनमें से कुछ नीचे लिखे हैं:

1. निराशावादी नज़रिया (A pessimistic attitude)– संभावनाओं की बजाए हमेशा रास्ते की बाधाओं को देखना।

2. असफलता का डर (Fear of failure)–अगर मैं नहीं कर सकता तो क्या होगा ? लोगों के अवचेतन मन में ये विचार रहते हैं कि अगर वे लक्ष्य बनाएँ और उन्हें हासिल न कर पाएँ तो वे फेल हो गए, दूसरी तरफ यह सोचते हैं कि अगर वे लक्ष्य ही न बनाएँ और उन्हें हासिल ही न कर पाएँ तो वे फेल नहीं हुए। मगर ऐसे लोगों की शुरुआत ही असफलता से होती है।

3. इच्छा या अभिलाषा की कमी (A lack of ambition)– यह हमारे जीवन मूल्यों का नतीजा है और साथ–ही–साथ एक भरपूर ज़िंदगी जीने की इच्छा का अभाव। हमारी बंद दिमाग़ी हमें आगे बढ़ने से रोकती है। एक मछुवारा था जो जब भी कोई बड़ी मछली पकड़ता तो उसे वापिस नदी में फेंक देता था, और सिर्फ छोटी मछलियों को अपने पास रहने देता। उसकी इस अजीब हरकत को देखने वाले एक आदमी ने उससे पूछा कि वह ऐसा क्यों कर रहा है? इस पर उस मछुवारे ने जवाब दिया, ''मेरी कड़ाही बहुत छोटी है।'' बहुत से लोग जीवन में सफलता इसलिए नहीं प्राप्त कर पाते क्योंकि वे उस मछुवारे की तरह छोटी कड़ाही ही लेकर घूमते हैं। यही बंद दिमागी है।

4. अस्वीकार किए जाने का डर (A fear of rejection)–अगर मैं सफल नहीं हो पाया, तो लोग क्या कहेंगे?

5. टालमटोल (Procrastination)–''कभी–न–कभी तो मैं अपना लक्ष्य बनाऊँगा।'' यह इच्छा के अभाव की तरह ही है।

6. कमज़ोर स्वाभिमान (Low self-Esteem)–जब इंसान अपनी अंदरूनी शक्ति से नहीं चलता और जीवन में प्रेरणा का अभाव होता है तो यह कमज़ोर स्वाभिमान को दिखाता है।

7. लक्ष्य का महत्व न समझना (Ignorance of the importance of goals)–किसी ने उन्हें इसके बारे में सिखाया नहीं और उन लोगों ने कभी लक्ष्य के महत्त्व को समझा ही नहीं।

8. लक्ष्य कैसे बनता है–ज्ञान की कमी (A lack of knowledge about goal setting)–लोग लक्ष्य बनाने के तरीकों को नहीं जानते। उन्हें एक साफ नक्शे की ज़रूरत होती है जिसे वे गाइड बनाकर अपना सकें।

प्रभु मुझे शान्ति का साधन बना

इस भागदौड़ भरी जिन्दगी में चारो ओर का वातावरण डरावना क्यों न हो। फिर भी अपने ईश्वर के हाथों में मैं सुरक्षित हूँ। इस विचार से हम शान्ति का अनुभव कर सकते हैं। जीवन का आनन्द लूट सकते हैं। हमें रोग, दर्द, पराजय, नुकसान आदि कई बातों का मुकाबला करना पड़ेगा, तभी ईश्वर मेरे साथ है, जो देखभाल करते हैं। यही पहचान हमें शान्ती और आनन्द प्रदान कर सकती है।

पवित्र आत्मा के वरदानों में तीसरा वरदान होकर शान्ति को सन्त पौलुस दिखाते हैं। हमारा प्रभु ईश्वर ईसा मसीह आप लोगों को अनुग्रह तथा शान्ति प्रदान करे। (कुरि. 1:3)। सन्त की सलाह है कि हम ईसा से शान्ती पायें। मगर कई मनुष्य दुनिया से शान्ति अपनाने का प्रयास करते हैं। इसके लिए वह धन, मद्य, नशीली दवाइयाँ बुरी दोस्ती आदि बुराइयों को स्वीकार करते हैं। मगर इनसे शान्ति नहीं मिलेगी, यही नहीं जो थोड़ी शान्ति हमारे पास है वह नष्ट हो जायेगी। धन्य मदर टेरेसा ने शान्ति के मार्ग दिखा दिये हैं। चुप्पी का फल है : प्रार्थना, प्रार्थना का फल है : प्रेम–प्रेम का फल है, सेवा और सेवा का फल है शान्ति। 1979 में इस माता ने शान्ति के लिए नोबेल पुरस्कार पा लिया। वे हमसे कहती हैं कि सहजीवों को प्यार करें, दु:खियों को सान्त्वना दो, उनकी सेवा करो आदि। ये सब है–शाश्वत शान्ति के मार्ग। दुनिया भर में शान्ति लानी है तो पहले हम–अपने हृदय में उसकी स्थापना करें। हृदय से परिवार की ओर फिर चारों ओर वह फैलेगी। किन्तु जिसका मन अशान्त है, उससे जुड़े हुये व्यक्तियों को बैचेनी होगी। मिसाल के तौर पर देखें यदि कोई घर में झगड़ा करके निकला तो वह यात्रा में, कर्म क्षेत्र में, जिनसे भी मुलाकात करेगा सबों में अशान्ति के बीज बोयेगा।

ईश्वर–विश्वास भ्रातृ प्रेम और क्षमा शान्ति के स्रोत हैं दूसरे के प्रति बैर का भाव छोड़ें उनको क्षमा करें, ईश्वर पर आस्था रख कर कठिनाइयों का मुकाबला करें। आध्यात्मिक विचारक संत थोमस अक्वीनास ने कहा : ईश्वर के प्रति जो शान्ति में नहीं रहते थे अपने आप से शान्ति का अनुभव नहीं कर पायेंगे। जो अपने से शान्ति का अनुभव करते वे दूसरों से शान्ति का अनुभव नहीं कर सकेंगे।

शान्ति–शालोम–वह ईसा ही हैं। पुनजीवित ईसा ने शिष्यों को प्रकट होकर कहा, मैं तुम्हें शान्ति मिले (लूकस 24:36)। उन्होंने कहा यह सलाह दी ईसा से शान्ति पाकर दूसरों को बाँट दे (लूकस 10:15)। अपनी विदाई के बारे में सोच कर उन्होंने शिष्यों से कहा मैं तुम्हारे लिए शान्ति छोड़ जाता हूँ, अपनी शान्ति तुम्हें प्रदान करता हूँ (योहन 14:27) ईसा जो शान्ति देते हैं, उसे पाने और बाँट देने का कर्त्तव्य हमें निभाना है। हर मिस्सा में हम शान्ति के लिए, शान्ति स्वरूप ईसा की निरन्तर मौजूदगी के लिए प्रार्थना करते हैं। लैटिन मिस्सा में पुरोहित कहते हैं कि प्रभु तुम्हारे साथ हो जबकि सीरो मलाबार समाज की मिस्सा में कहते हैं कि शान्ति तुम्हारे साथ हो। शान्ति को मसीहा रूपी व्यक्ति होकर पूजन विधि से माना जाता है। पवित्र मिस्सा का यह अभीवादन पढ़ाता है कि शान्ति स्वरूप मसीह में हर कोई शान्ति पा सकता है। इस प्रकार आराधना दलों के सदस्य आपसी भ्रातृत्व की घोषणा के रूप में शान्ति की आशंसा देते हैं। हर मिस्सा में यह आशंसा दी जाती है।

आशीर्वचन के तहत ईसा ने कहा: धन्य है वे जो मेल कराते हैं, वे ईश्वर के पुत्र कहलायेंगे (मति 5:9)। हम चाहे कहीं भी हो, घर में, समाज में, दुनियाँ भर में शान्ती के समर्थक और वक्ता हो जाये। इसके लिए पहले ईसा के लिए हृदय में जगह तैयार करें। साथ ही सन्त फ्रांसिस असीसी के साथ प्रार्थना करें –

प्रभु ! आप मुझे अपनी शान्ति का साधन बनायें। जहाँ बदला है, वहाँ प्रेम: जहाँ द्वेष है वहाँ क्षमा : जहाँ शंका है वहाँ विश्वास : जहाँ निराशा है वहाँ आशा, जहाँ अंधकार है, वहाँ रोशनी : जहाँ दु:ख है, वहाँ खुशी के बीज में बोऊँ, आमेन।

एन्थोनी बि.एल., पीलीभीत

बाल चेतना

नये जोश के साथ नई शुरुआत

प्रिय बच्चों और बाल मित्रों,

चेतना दीदी की आरे से जय येसु की। आप सबको यह बताने में मुझे बड़ी खुशी हो रही है कि इस माह से आप सभी बच्चों को समर्पित ''बाल चेतना'' विभाग आप की प्रिय पत्रिका चेतना में आरंभ किया गया है। मैं हर महीने इस अंकण के माध्यम से आप से मिलूँगी। आप भी अपने विचार, कविता, छोटे लेख, चित्र अपने पल्ली पुरोहित के द्वारा मुझे भेज दें। उन्हें इस अंकण में प्रकाशित किया जायेगा। कृपया कहीं से नकल करके न भेजें। साथ में अपना नाम, पल्ली और कक्षा लिख दें। उम्मीद करती हूँ कि आप बड़े उत्साह के साथ इस अवसर का लाभ उठायेंगे।

बहुत जल्द आपकी कक्षायें फिर शुरू होंगी। छुट्टियों के बाद स्कूल जाना अच्छा तो नहीं लगता पर आपके भविष्य के लिये शिक्षा अति आवश्यक है। समय का सदुपयोग करें और घर में पढ़ाई के लिये एक टाइम टेबल बनायें। अपने माता– पिता के सपनों को साकार करने की इच्छा जीवित रखें। इस वर्ष आप में से बहुत बच्चों ने पहला परमप्रसाद ग्रहण किया, कुछ बच्चों ने दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण किया। अनेक बच्चों ने क्रूसवीर शिविरों में भाग लिया। इनसे प्राप्त कृपा वरदानों की बनाये रखिये। अच्छा, अब आज्ञा दें। अगले माह फिर मुलाकात होगी। आप सबके लिये प्रार्थना करती रहूँगी। नीचे दिये लेख 'समय का मूल्य' जरूर पढ़िये।

सप्रेम, आपकी अपनी
चेतना दीदी, बरेली

समय का मूल्य

मान लीजिये कोई आपसे यह कहे – ''मैं आपको प्रतिदिन 86,400 रुपये दूँगा। इस राशि में से आप जितनी चाहे उतनी खर्च कर सकते हैं। आप इससे कुछ भी बचाकर नहीं रख सकेंगे। जो राशि खर्च नहीं की गई वह अपने आप नष्ट हो जायेगी। दूसरे दिन आपको 86,400 रुपये की राशि फिर मिलेगी। इतनी ही रकम आपको हर रोज मिलेगी।'' अब आप बतायें कि इस रकम से आप हर दिन कितने पैसे खर्च करेंगे ?

जब मैंने शिविरों में ऐसा सवाल पूछा तो किसी ने कहा–सौ रुपये खर्च करुँगा, किसी ने हजार, किसी ने पचास हजार। एक दो बच्चों ने उत्तर दिया–''मैं सारे पैसे खर्च करुँगा।'' अब यह 86,400 रुपये क्या हैं ?

दिन के चौबीस घंटे होते हैं। हर घंटे में 60 मिनट होते हैं यानि कि दिन में 1440 मिनट होते हैं। एक मिनट में 60 सेकेंड होते हैं अर्थात् एक दिन में 60×1440=86,400 सेकेंड होते हैं। चाहे प्रधानमंत्री हो या भिखारी, चाहे अफसर हो या चपरासी, बच्चा या बूढ़ा – सब के दिन में 24 घंटे अर्थात् 86,400 सेंकेंड होते हैं। समय हर पल गुजरता है। आप इसे बचाकर नहीं रख सकते हैं। बीता हुआ पल कभी वापस नहीं लौटता। तो चलिये, इस साल हर समय का सदुपये करने का प्रण लें।

चेतना दीदी

मेरा विश्वास (धर्मशिक्षा प्रश्नोत्तरी) -12 के उत्तर

1. मानव	8. दूसरी	15. लूकस 10:30–37
2. ईसा मसीह	9. 202	16. तोबित 4:15
3. ईसा मसीह	10. कलीसिया के नियमों	17. सद्‌गुण
4. प्रेम/न्याय	11. विवाह	18. बालक येसु की संत तेरेसा
5. अन्तःकरण	12. कलीसिया	19. प्रेम/विश्वास/भरोसे
6. ईश्वर	13. परमप्रसाद	20. बारह
7. नबी मूसा	14. पर्वत पर प्रवचन/आशीर्वचन	

एक गाँव जहाँ सिर्फ लड़कियाँ करती हैं राज

बांग्लादेश की सीमा से सटा देश के पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में एक छोटा सा गाँव है मावलीनांग। दुनिया भर से भले ही हर साल हजारों सैलानी परंपरागत तरीके पेड़ की जड़ों से बने पुल, छोटी–छोटी फूस की झोपड़ियाँ, कल–कल करते झरने और हमेशा हरियाली से भरपूर खूबसूरत प्राकृतिक नजारा देखने आते हैं, मगर पर्यटकों को एक और चीज लोगों को अपनी ओर खींचती है, वह है इस गाँव की संस्कृति, जहाँ लड़कियाँ एक तरह से राज करती हैं।

'ईश्वर का बगीचा' और भारत का गौरव या फिर 'एशिया का सबसे साफ–सुथरा गाँव' जैसे कई नामों से पुकारे जाने वाले 500 लोगों की आबादी वाले इस गाँव को आदिम जनजाति खासी लोगों का घर कहा जाता है। यह दुनिया के दुर्लभ समाजों में से एक है, जहाँ सिर्फ महिलाओं की सत्ता चलती है। जहाँ देश के और इलाकों के मुकाबले पुरुष प्रधान समाज हावी नहीं है। यहाँ छोटी–बड़ी लड़कियाँ तालाबों और झरनों में खेलते हुए नजर आ सकती हैं। कोई रोकटोक नहीं और परंपराओं की कोई बेड़ियाँ नहीं। आत्मविश्वास से भरपूर इन लड़कियों के चेहरे गजब से दमकते रहते हैं। यहाँ पर लड़की कोई न कोई काम करते हुए नजर आती है परिवार की आय में लड़कियों का खासा योगदान रहता है। घर चलाने में ये लड़कियाँ बचपन से ही परिवार का हाथ बंटाती हैं।

(साभार : दैनिक जागरण से)

कैसा होता है माँ का प्यार

माँ की ममता निराली है
वही दुनिया में सबसे प्यारी है
अगर वो हमारे साथ हो तो
हर कदम पे खुशहाली है।
माँ ने ही जीना सिखाया इस कदर
कैसे झेलती होगी वो सबके दु:ख दर्द
कोई उससे जाकर पूछें कि
क्या होता है प्यार का मतलब
हर वक्त दुआ करती है सभी के लिए
हम भी दुआ करें ईश्वर से उसके लिए
वो हमें कदम–कदम पर चलना सिखाए
और हम उसकी आज्ञाओं का पालन करते जाए
माँ की प्रार्थना जिन्दगी बना देगी
खुद रोएगी मगर दूसरों को हँसा देगी
कभी भी भूलकर माँ को मत रुलाना
क्योंकि एक छोटी सी गलती पृथ्वी को हिला देगी।

– शिवानी मसीह, राम नगर

थोड़ी सी हँसी हो जाय

लोग कहते हैं कि हम अपनी गलतियों से सीखते हैं। आजकल मैं बहुत सारी गलतियाँ कर रहा हूँ। जल्द ही मैं बहुत बुद्धिमान इंसान बनूँगा।

झुंड में

बचपन में देखा था
गाँव की बकरियों को
झुंड में चलते हुए
ताकि शिकारी कुत्ते
उन पर झपट न सकें
मगर आज जब
स्कूल जाती बच्चियों को
झुंड में चलते देखा, तो लगा
शायद ! वह भी
शिकारियों से बचना चाहती हैं।

आंचल, बाजपुर

नारी के रूप

महिलाओं से पुरुष है जन्मे
उनको मानते हो अभिशाप
बदल लो अपने तेवर को
बहुत पड़ेगा तुम पर पाप
गाय सी सीधी समझकर
करते हो उस पर अत्याचार
काली रूप भी उसी का है
माननी पड़ेगी तुम को हार।

आंचल, बाजपुर

THE STOLEN COAT

It was a freezing wintr that year. To make matterss worse for Nasruddin, somebody had stolen the only coat he had. When Mullah came to know of the theft, he was beside himself with rage, cursing the thief roundly, threatening that he knew who had stolen his coat and the man had better return it, otherwise.....

Word spread quickly across town about the theft of Mullah's coat, his curses and threats against the thief and the fact that the thief had better return the coat otherwise.....

It so happened that the man who had stolen the coat also heard about the threat. What action would Mullah take against him, he wondered. Suppose he told the king, whom he was close to, the thief worried.

Not wanting to push his luck any further, that very night the thief returned to Mullah's home and left the coat behind while Nasruddin was fast asleep.

The next morning, Mullah was delighted to find his coat adn realised his threat has worked. As the neighbours gathered around him, one man inquired : "Mullah Nasruddin, what would you have done if the thief had not returned the coat?"

Everyone learned forward cursiouly to her what dreadful action Mullah had planned against the thief Mullah smiled at all the people gathered there: "Well, if the thief had not returned my coat, I would have gone to the market and purchased another one!"

There are times when we must use bluff and bluster to get something done by keeping our opponent guessing. Unable to comprehend what action we will take, the man would most likely fall for the threat and react just the way we want.

बाइबिल प्रश्नोत्तरी - 11 के उत्तर:

1. युवकों The young men
2. सिखेम में Shechem
3. बेतेल और दान Bethel and Dan
4. हाथ अकड़ गया Withered
5. अबीयाम Abijam.
6. Samaria समारिया
7. ईज़ेबेल Jezebel
8. कौवा Ravens fed him
9. 450/450
10. होरेब/Horeb
11. मन्द समीर की सरसराहट/Sound of sheer silence.
12. हज़ाएल/Hazael
13. एलीशा/Elisha
14. एलियाह ने एलीशा से/ Elijah said to Elisha
15. नाबोत/Naboth
16. कुत्ते/Dogs
17. बुरा/ Evil
18. अहाब/Ahab
19. सिदकीया/Zedekiah
20. अहज़्या/Ahaziah

समाचार दर्शन

ख्रीस्त के लिए दम्पति शिविर -धमोला

मई 28 से 30 तक धमोला पल्ली में ख्रीस्त के लिए दम्पति प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें धमोला और बैलपड़ाव पल्ली के दम्पतियों ने भाग लिया। साधना का संचालन उड़ीसा और पटना से आये दल के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के पहले भाग में प्रभु येसु के प्रेम को परिवार में कैसे अनुभव किया जाता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। संचालक लोगों ने अपने ही जीवन और परिवार के उदाहरणों के द्वारा अपनी बातों को लोगों के सामने रखा। यहाँ भी लोगों के लिए पापस्वीकार का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण में 14 दम्पतियों व 38 एकल भाई बहनों ने भाग लिया।

संगीत वाद्य यंत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

वाद्य संगीत प्रशिक्षण कैम्प 1 जून से 16 जून तक संत जॉन पौल द्वितीय गुरुकुल में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में पूरे बरेली धर्मप्रान्त के 80 युवक–युवतियों ने भाग लिया। धर्माध्यक्ष इग्नेशियस डिसूजा की अभिरुचि और सहयोग से पहली बार ऐसे शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फा. स्टैनी, फा. रॉबर्ट, फा. एलियस, फा. विजय, फा. भरत, फा. फ्राँसिस, फा. मैरीयन का विशेष सहयोग रहा। सभी युवक युवतियों के प्रशिक्षण के लिए खास संगीत वाद्य अध्यापकों को नियुक्त किया गया। अभिनव मैसी और कैलब दत्त (की–बोर्ड) राहुल (गिटार) जॉय (हारमोनियम) पं. दीपक शर्मा (तबला) प्रशिक्षक रहे।

इस प्रशिक्षण के दौरन सभी को संगीत के साथ–साथ ईश्वर की महिमा तथा जीवन के गुणों को बढ़ाने का भी प्रशिक्षण दिया है। इस शिविर में योग, खेलकूद, संगीत, प्रशिक्षण, आराधना तथा बाइबिल पर आधारित फिल्में जैसे कार्यक्रमों को दिनचर्या में लागू किया गया।

इस कैम्प के दौरान सभी युवक–युवतियों को बरेली के कैथेड्रिल में 8 जून को सम्पन्न हुए येसु वाणी प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने का मौका मिला। शिविर के आखिरी दिन सभी ने अपने 16 दिन के प्रशिक्षण की झलक दिखा कर सबका दिल जीत लिया।

विनी क्वारा चौरॉठ, बरेली

ख्रीस्त के लिए दम्पति शिविर - बाजपुर

बरेली धर्मप्रान्त की बाजपुर पल्ली में 25 मई 2015 से 27 मई 2015 तक तीन दिवसीय ख्रीस्त के लिए दम्पति शिविर का आयोजन उड़ीसा से आए भाई जोसफ, विजेंदर, बेनेदिक्त व बहन ज्योति के द्वारा संचालित किया गया। इसमें कई दम्पत्ति जोड़ों व एकल रूप में भी दम्पतियों ने भागीदारी दी। इस शिविर का एकमात्र उद्देश्य पति–पत्नी के रिश्तों में परस्पर प्रेम, त्याग, सहनशीलता, क्षमा, आदर की भावना को जगाकर शांति का जीवन जीकर सच्चे ख्रीस्तीय बनना था। मेरा सच्चा पड़ोसी कौन है ? शायद इसका जवाब हर कोई अलग–अलग अनुभवों द्वारा देगा। परन्तु दाम्पत्य जीवन में पति व पत्नी ही एक दूसरे के सच्चे पड़ोसी हैं और अन्य सदस्य व बच्चे सहायक हाथ हैं। पति–पत्नी का रिश्ता सर्वोपरि है। रिश्ते में पूर्ण समर्पण हो। हृदय का एक भाग ईश्वर व दूसरा भाग पति अथवा पत्नी का हो। पति–पत्नी की मधुरता पूरे परिवार, पड़ोस व कलीसिया को महकाती है। कोशिश करें उस खुशबू को बनाए रखने की। बीच–बीच में ग्रुप वाद–विवाद द्वारा सभा को मनोरंजन भरा बनाया गया जिसके द्वारा हमें एक–दूसरे के जीवन में ख्रीस्त की उपस्थिति का अनुभव हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने बहुतायत से लाभार्थी होकर जीवन बिताने के लिए ईश्वर को वचन दिया।

दीप्ति जॉनसन, बाजपुर

शाहजहाँपुर डीनरी में क्रूसवीर शिविर

जून 8 व 9 को शाहजहाँपुर डीनरी में क्रूसवीर बच्चों के लिए दो दिन का शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में पिपरिया पल्ली से 12 बच्चे एवं शाहजहाँपुर पल्ली से 8 बच्चों ने भाग लिया।

जून 8 तारीख की सुबह 8.30 बजे सभी बच्चों ने भक्ति के साथ पवित्र बाइबिल, क्रूस और क्रूसवीर का झंडा लेकर भजन गाते हुए जुलूस में गिरजाघर में प्रवेश किया। इस दौरान फा. विवियन, फा. पौल, फा. वाल्टर, फा. साबू, फा. उदय, एफ.सी.सी. धर्मबहनें एवं कुछ युवाओं ने भी इस जुलूस में शामिल होते हुए इसकी शोभा बढ़ाई। गिरजाघर में फा. विवियन ने सभी बच्चों का स्वागत किया तथा प्रार्थना एवं दीप प्रज्जलन के द्वारा शिविर का शुभारम्भ किया।

तत्पश्चात् फा. पौल फलेरा ने क्रूस का महत्व समझाते हुए बच्चों को क्रूसवीर की निशानी के तौर पर सब बच्चों को क्रूस पहनाया। इन दो दिनों के अंतर्गत बच्चों को क्रूसवीर का मतलब समझाया गया, उन्हें पवित्र बाइबिल से जुड़ी बातें एवं विश्वास के बारे में समझाया। फा. वाल्टर ने मिस्सा के समय विशेष रीति से बच्चों को मिस्सा बलिदान का महत्व तथा मिस्सा की तैयारी किस प्रकार की जाती है इस के बारे में अर्थपूर्ण ढंग से समझाया। बच्चों के लिए खेल–कूद का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। अन्त में फा. वाल्टर के आर्शीवचन द्वारा इस शिविर का समापन हुआ।

चिकन शब्दावली

चिकन का बाप : चिकन कबाब
चिकन की माँ : चिकन खीमा
जब चिकन स्नान करता है तब आपको मिलेगा : चिकन शवरमा
चिकन जब परेशान है : चिकन सूप
चिकन का इंजेक्शन : चिकन टिक्का
चिकन की तारीफ : बटर चिकन
झाडे की ठंड में फंसा चिकन : चिल्ली चिकन

थोड़ी सी हँसी हो जाय

यदि आप अपने चेहरे से झुरिरयाँ, पिंपल, कोई निशान अथवा उम्रदराज होने के चिन्ह मिटाना चाहते हैं तो इसे इस्तेमाल कीजिये..... Adobe Photoshop तुरन्त लाभ मिलेगा!!!

क्रूसवीर शिविर - बैलपड़ाव

31 मई 2015 से 2 जून 2015 तक तीन दिवसीय क्रूसवीर शिविर का आयोजन बैलपड़ाव संत पीटर चर्च में आयोजित किया गया। इसके मुख्य संचालक बाजपुर पल्ली के फा. विवियन रहे। इस शिविर में 105 बच्चों ने भाग लिया। 31 मई शाम 7 बजे बच्चों का जुलूस क्रूसवीर के शस्त्रों–क्रूसवीर ध्वज, पवित्र क्रूस व पवित्र बाइबिल लेकर स्कूल के प्रांगण से निकल कर चर्च तक निकाला गया। दीप प्रज्जलन के बाद बच्चों को आशीषित क्रूस पहनाए गए व साथ ही क्रूसवीर सदस्यता की शपथ दिलाई गयी। इस शिविर में सभी को क्रूसवीर मोनोग्राम में बनी आकृतियों का अर्थ समझाया गया। सभी को येसु के वीर सेनानी बनकर शैतान को हराकर, सच्चा ख्रीस्तीय बनने के लिए प्रेरित किया गया। माता–पिता, बुजुर्गों व धर्मभाई व बहनों का सम्मान करने की शिक्षा दी गयी। बच्चों को परस्पर मिलकर एक साथ कार्य करने की शिक्षा के लिए 6 ग्रुपों में बाँटकर, हर ग्रुप को संतों का नाम दिया। इसके द्वारा कई सामुहिक व एकल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रात में बच्चों की थकावट मिटाने के लिए नाच–गाने की व्यवस्था थी। अंतिम दिन चर्च में प्रार्थना व मिस्सा के बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया। क्रूसवीर गीत गाया गया। शिविर के बीच–बीच में सिखाए जाने वाले एक्शन साँग बच्चों की थकान मिटाकर उनमें नई स्फूर्ति भर कर मुस्कान ला देते थे। दोपहर के भोजन के बाद सभी अपने–अपने गंतव्य को रवाना हो गये।

दीप्ति जॉनसन, बाजपुर

अनुग्रह आश्रम में आगामी कार्यक्रम

1. जुलाई 23 से 26 तक महिलाओं के लिए साधना। सभी महिलाओं से निवेदन है कि वे इस साधना में अवश्य भाग लें।
2. अगस्त 1 से 30 तक बाईबिल प्रशिक्षण होगा। इसमें जो अगुवा या प्रचारक बनना चाहते हैं या बाइबिल ज्ञान पाना चाहते हैं वे भाई बहन अपना नाम पंजीकरण करें। मो. नं. 8171657147
3. अगस्त 10 से 12 तक एक से एक को सुसमाचार आदान प्रदान करने का प्रशिक्षण है। इसमें सभी अगुवा एवं सुसमाचार प्रचार करने वाले और जो सुसमाचार प्रचार करने के इच्छुक लोग भाग लें।
4. अगस्त 27 से 30 तक पुरुषों की साधना। सभी पुरुषों से निवेदन है कि वे इस साधना में अवश्य भाग लें।

आप राष्ट्राध्यक्ष हैं तो क्या.....मेरे सामने आपको झुकना ही पड़ेगा।

अनुग्रह आश्रम में युवतियों की साधना

10 से 14 जून तक आश्रम में युवतियों के लिये आध्यात्मिक साधना का आयोजन किया गया। इस साधना में 150 युवतियों ने भाग लिया। साधना की शुरूआत बाईबिल जुलूस से प्रारम्भ हुई। इसके बाद फा. रूडोल्फ ने प्रभु के वचन की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए वचन के बारे में समझाया। साधना में भाग ले रही सभी युवतियों ने बड़ी भक्ति एवं श्रम से प्रार्थना व सेवा की। इन युवतियों को मुक्ति, पाप, पश्चात्ताप्, वचन, दस नियम, व्यक्तिगत प्रार्थना, पारिवारिक प्रार्थना, पवित्रात्मा व साक्षीमय जीवन के बारे में प्रभु के वचनों से शिक्षा दी गई। साधना के मुख्य वक्ता फा. रूडोल्फ, फा. सुनील, भाई लूकस, भाई विनोद, भाई सुनील और बहन पौलीन थे। रविवार को सत्संग के साथ साधना का सफलता पूर्वक समापन हुआ।

युवतियों के अनुभव :

मेरा नाम राधिका है। मेरे पेट मे हमेशा दर्द रहता था और मैं हमेशा बीमार रहती थी। मैं प्रार्थना तो करती थी पर विश्वास की कमी थी। मैंनें इस साधना में भाग लिया और विश्वास के साथ प्रार्थना की और प्रभु ने मुझे चंगा कर दिया। प्रभु को धन्यावाद।

मेरा नाम गीता है। मुझे इस साधना में प्रभु के प्रेम का अनुभव हुआ। मैं इस संसार में खोई हुई थी और ईश्वर से बहुत दूर थी। हमेशा पढ़ाई और महान बनने के बारे में सोचती रहती थी। साधना में येसु ने मुझे स्पर्श किया और मुझे एहसास हुआ कि प्रभु मुझसे प्यार करता है और मैनें जाना कि मेरा रास्ता गलत था। मैंनें यह भी सीखा कि हमें माता–पिता का आदर करना चाहिए और सबसे प्यार करना चाहिए।

मेरा नाम आदेश है। मैंनें इस साधना में सीखा और निर्णय लिया कि मुझे ईश्वर की आज्ञाओं का पालन करना है। अपने पापों पर पश्चात्ताप् करके पवित्र बने रहना है। मैंने यह भी सीखा कि पवित्र आत्मा हमारा सहायक है और हमारे साथ रहता है। हमें हमेशा पवित्रात्मा से भरे रहना है।

मेरा नाम गीता है। मेरी बहन को दौरे पड़ते थे। जिस दिन हम साधना में भाग लेने घर से चले उसे दौरा पड़ गया। किसी तरह मैं उसे आश्रम में ले आई और साधना में भाग लिया। पहले उसे रोज दौरे पड़ते थे। पर साधना में भाग लेकर प्रार्थना करने से वह चंगी हो गई और वह अब स्वस्थ है।

मेरा नाम मोनिका है। इस साधना में प्रभु ने मुझे बहुत अच्छे अनुभव दिये। मैं जब साधना में आई तब न तो मैं अच्छे से बोल पा रही थी और न गा पा रही थी। मैंनें अपने आप को प्रभु को समर्पित किया और प्रार्थना की। उसी समय प्रभु ने कृपा दे दी और अच्छी तरह बोल और गा सकी। प्रभु को धन्यावाद।

अनुग्रह आश्रम में क्रूसवीर बच्चों की साधना

03 से 07 जून तक अनुग्रह आश्रम में कूसवीर बच्चों के लिए साधना का आयोजन किया गया। इस साधना में लगभग 240 बच्चों ने भाग लिया। साधना की शुरूआत बाइबिल जूलुस के साथ प्रारम्भ की गई। साधना के मुख्य प्रवक्ता फा. विवियन और फा. रूडोल्फ थे। बच्चों को प्रभु के वचन की शिक्षा दी गई। साथ ही साथ एक्शन गीतों व अन्य गतिविधियों के द्वारा क्रूसवीर के इन बच्चों को प्रभु के प्रेम का अनुभव दिलाया गया।

बच्चों के अनुभव

मेरा नाम एलिस है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में प्रभु येसु के प्रेम के बारे में सीखा कि कैसे प्रभु के वचनों द्वारा अपना जीवन सुंदर बना सकें। ईश्वर के नियमों के पालन द्वारा हम ईश्वर की आशिष पाते है। हमनें प्रार्थना करना सीखा और दूसरों की मदद करना सीखा।

मेरा नाम अशोक है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में प्रभु के वचन पढना, प्रार्थना करना, प्रभु के प्रेम में बढना और परिवार में प्रार्थना करना भी सीखा।

मेरा नाम जैसिमन जेम्स है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में प्रभु येसु जीवन के बारे में सीखा कि प्रभु का जीवन प्रार्थना का जीवन है। व्यक्तिगत प्रार्थना करना, वचनों को पढना और ईश्वर से बातें करना सीखा ।

मेरा नाम साक्षी है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में बहुत सी अच्छी बातें सीखे हैं। जैसे प्रभु से जुड़ना, परिवारिक प्रार्थना करना आश्रम में आकर प्रभु के वचनों को सुनना, प्रभु से जुड़े रहना।

मेरा नाम मिनाक्षी है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में प्रभु के वचनों द्वारा उसकी ज्योति बनकर दूसरों को प्रकाश देना, लोगों की भलाई करना, प्रभु के बारे में लोगों को बताना जैसी बातें सीखीं।

मेरा नाम नितिन है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में प्रभु की आज्ञाओं को सीखा जैसे माता–पिता का आदर करना, झूठ न बोलना, झूठी गवाही न देना, चोरी न करना और दूसरों के लिए प्रार्थना करना।

मेरा नाम अनुष्का है। मैंने इस क्रूसवीर शिविर में, दूसरों के लिए प्रेरणा बनना और प्रभु की नई सृष्टि बनकर जीवन बिताना, और जो प्रभु को नहीं जानते उन्हें प्रभु के बारे में बताना जैसी अच्छी बातें सीखीं।

साक्ष्य

मेरा नाम आलोक पायस गिल है। मैं ग्राम नौसर पल्ली (खटीमा) का रहने वाला हूँ। मैं रात को गहरी नींद में सोते समय स्वप्न के दौरान अचानक चिल्लाने लगता था, जिससे मेरे आस–पास के लोग एवं मेरे माता–पिता तथा भाई–बहन सभी जाग जाते और मेरी दशा देखकर परेशान होते और मैं भी बहुत परेशान हो जाता था। इतना ही नहीं स्वप्नोपरान्त मैं पुनः सो भी जाता था। जब मैं आश्रम में आया तो मैंने मन्दिर में बैठकर प्रार्थना की तथा फादर जी से प्रार्थना करने के लिए कहा। मैंने प्रभु येसु से प्रार्थना की कि मैं तेरे पास आया हूँ और मुझे यहाँ रात के समय कोई परेशानी न हो, नहीं तो मेरी वजह से अन्य लोगों को परेशानी होगी। प्रभु येसु ने मेरी पुकार सुन ली और मैं रात में आराम से सो सका।

प्रातःकाल उठते ही मेरे मन में एक सवाल आया, आज मैं सुबह उठा हूँ लेकिन क्यों? और मैंने ईश्वर को धन्यवाद दिया। वह ईश्वर जो सदैव मेरे सुख–दुःख में साथ रहता है। अब मैं स्वस्थ हूँ और प्रभु येसु को धन्यवाद देता हूँ। आल्लेलूइया।

साक्ष्य

जय येसु की, मेरा नाम आदेश मौर्य है। मैं जिला पीलीभीत ब्लाक ललौरी खेड़ा ग्राम कल्यानपुर खास की रहने वाली हूँ। मुझे 15 सालों से अनेक प्रकार की दुष्ट आत्माओं ने घेर रखा था। मेरे पिता जी ने मुझे ठीक करने के लिये लगभग 5–6 लाख रुपये खर्च कर दिये। मेरे पिता ने मुझे पीलीभीत के सभी डाक्टरों को दिखाया। अनेक तान्त्रिक लोगों को दिखाया। लेकिन मैं ठीक नहीं हुई। जब मेरे पिता को किसी ने प्रभु येसु के बारे में बताया मेरे परिवार में सबने विश्वास किया और मैं प्रभु के पास गई। मुझे प्रभु ने आठ दिनों में चंगाई प्रदान किया और तुरन्त मैं ठीक हो गई। मेरे प्रभु येसु को धन्यवाद।

थोड़ी सी हँसी हो जाय

जब मैं छोटा था, मुझे अंधेरे से डर लगता था। अब जब मुझे बिजली का बिल मिलता है, उजाले से डर लगता है।

अनुभव

मेरा नाम जगत एन्जलो है। अनुग्रह आश्रम में आने से पहले मेरा जीवन काफी अन्धकारमय था। धर्मप्रचारक प्रशिक्षण के दौरान मैंने जो सीखा उससे मुझे ये अनुभव हुआ कि हर परिस्थिति में हमें प्रभु को याद रखना चाहिए क्योंकि वचन में लिखा है "मैं पिता से प्रार्थना करूँगा और वह तुम्हें एक सहायक प्रदान करेगा जो सदा तुम्हारे साथ रहेगा।" लिखा है "आप अपनी सारी चिंताए ईश्वर पर छोड़ दें क्योंकि वह तुम्हारी सुधि लेता है। इन दो पंक्तियों ने मुझे अत्यधिक प्रभावित किया जब ईश्वर हमारे साथ है और वह हमारी सुधि लेता है तो हमें अपने मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। प्रभु येसु की स्तुति हो। प्रभु येसु को धन्यवाद।

अनुभव

मेरा नाम कैलाशो है। मैं पन्तनगर की निवासी हूँ। प्रभु ने मेरी बहू के जीवन में महान कार्य किये। मेरी बहू की डेलीवरी नहीं हो पा रही थी। जिस दाई को हमने बुलाया था उसने भी मना कर दिया और कहा कि आप इसे और कहीं ले जाओ, मेरे बस की बात नहीं है। हम सब बहुत निराश हो गये। फिर मैंनें अपनी बहु के पेट पर हाथ रखकर प्रभु येसु से प्रार्थना की। बच्चा पैदा हो गया पर वह मरा हुआ था। मैंनें फिर सारे दिल से प्रभु को पुकारा और प्रार्थना की। प्रभु ने हम पर दया की और थोड़ी देर बाद बच्चा रोने लगा। अब वह बच्चा एक महीने का है और स्वस्थ है। प्रभु की सारी आशिषों के लिए हम उसे सारे दिल से धन्यवाद देते हैं।

धर्मप्रांत में नये धर्मसंघ का आगमन

बैगलूरू स्थित मिशनरीस ऑफ सेक्रेड हार्ट (MSC) धर्मसंघ उत्तर भारत में अपना सेवाकार्य प्रारंभ करने का इच्छुक है। यह धर्मसंघ दुनिया के 56 देशों में कार्यरत है। भारत में यह धर्मसंघ विगत 28 वर्षों से सेवाकार्य कर रहा है। प्रस्तुत अपना प्रशिक्षण पूरा कर चुके तीन धर्मभाई धर्मप्रांत में कार्य करेंगे। उनके साथ फादर डेविड MSC जो पापुआ न्यूगिनिया में 15 वर्ष और झाबुआ धर्मप्रांत में दो वर्ष कार्य कर चुके हैं, भी रहेंगे। फादर डेविड रूद्रपुर में रहेंगे और तीन धर्मभाई अलग–अलग पल्लियों में सेवा कार्य करेंगे। जून अंत तक वे बरेली पहुँचेंगे। धर्मप्रांत की ओर से चेतना आप चारों का हार्दिक स्वागत करता है।

नये विद्यालयों की आधारशिला

धर्मप्रांत के दो मिशन केन्द्र, बण्डा और अमरिया में नये विद्यालयों की स्थापना की आधारशिला रखी गयी। 19 मई को बण्डा में सैंट जॉन भवन की आधारशिला धर्माध्यक्ष इग्नेशियस डिसूजा द्वारा शाहजहाँपुर डीनरी के पुरोहितों, ध र्मसंघियों तथा लोकधर्मियों की उपस्थिति में रखी गई। फा. चिन्नप्पन भवन निर्माण की देखरेख करेंगे।

5 जून को अमरिया में सैंट मेरीस विद्यालय भवन का शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आशादीप केन्द्र के प्रांगण में सम्पन्न इस विधि में पोलीगंज डीनरी के पुरोहित, धर्मबहनें, लोकधर्मी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। फा. चार्ल्स फलेरा भवन निर्माण की निगरानी करेंगे। उम्मीद है कि अगले वर्ष दोनों विद्यालय विधिवत् शिक्षण कार्य आरंभ करेंगे।

मौंट सेन्ट मैरिज विद्यालय का शुभारम्भ-रूद्रपुर

2 जून 2015 को रूद्रपुर में C.J. धर्मसंघ द्वारा संचालित मौंट सेन्ट मैरिज विद्यालय का विधिवत् शुभारम्भ हुआ। धर्माध्यक्ष मान्यवर इग्नेशियस डिसूजा ने नये भवन को आशिष दी। इस अवसर पर निवर्तमान धर्माध्यक्ष मान्यवर एन्थोनी फर्नांडिस, काठगोदाम डीनरी के पुरोहित एवं धर्मसंघी, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री थॉमस एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। C.J. धर्मसंघ की प्रोविन्सियल, इलाहाबाद प्रोविन्स के प्रतिनिधि धर्मबहनें एवं दिल्ली प्रोविन्स की अनेक धर्मबहनें इस अवसर पर उपस्थित थीं। C.J. धर्मसंघ बरेली धर्मप्रांत में ज्योलिकोट और नैनीताल में विद्यालय संचालित करती हैं। पूरनपुर में वे धर्मप्रान्तीय विद्यालय में कार्यरत हैं। प्रस्तुत सत्र में कक्षा Nursery से कक्षा 3 तक एवं कक्षा 6–7 की कक्षायें संचालित की जायेंगी।

फा. रोमन डॉयस, रूद्रपुर

हार्दिक स्वागत
फा. डेविड MSC

महा क्विज़..... बम्पर पुरस्कार

बाइबिल पाठकों के लिये खुशखबरी,

आगरा और उत्तर क्षेत्रीय बाइबिल कमीशन ''लोगोस बाइबिल क्विज़–हिन्दी'' का आयोजन कर रहा है। अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अनोखे अवसर का लाभ उठायें।

1. प्रतियोगिता धर्मप्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगी। धर्मप्रांतीय स्तर पर सितंबर 27 को अपरान्ह 2 से 3.30 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रों की सूची आगामी अंक में दी जायेगी। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता दिल्ली में 29 नवंबर को आयोजित की जायेगी।
2. बाइबिल क्विज़ के लिये विषय : **गणना ग्रंथ 1–10 अध्याय; सूक्ति ग्रंथ 1–9 अध्याय; योहन अध्याय 1–12; यूदस का पत्र** प्रश्न वस्तुनिष्ठ (ओब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे।
3. प्रतिभागियों के लिये आयु के अनुसार A, B, C, D, E, F प्रकार से छः वर्ग होंगे।
   - **वर्ग A :** जिनका जन्म 1 जनवरी 2004 के बाद हुआ हो।
   - **वर्ग B :** जिनका जन्म 1 जनवरी 1999 से 31 दिसम्बर 2003 के बीच हुआ हो।
   - **वर्ग C :** जिनका जन्म 1 जनवरी 1984 से 31 दिसम्बर 1998 के बीच हुआ हो।
   - **वर्ग D :** जिनका जन्म 1 जनवरी 1964 से 31 दिसम्बर1983 के बीच हुआ हो।
   - **वर्ग E :** जिनका जन्म 1 जनवरी 1951 से 31 दिसम्बर 1963 के बीच हुआ हो।
   - **वर्ग F :** जिनका जन्म 31 दिसम्बर 1950 से पहले हुआ हो।
4. धर्मप्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ग में तीन पुरस्कार होंगे।

   धर्मप्रांतीय स्तर पर :
   - प्रथम पुरस्कार : 10,000 रुपये
   - द्वितीय पुरस्कार : 8,000 रुपये
   - तृतीय पुरस्कार : 7,000 रुपये

   यह धनराशि शिक्षण सहायता के लिये दी जायेगी।

   राष्ट्रीय स्तर पर :
   - प्रथम पुरस्कार : 10,000 रुपये
   - द्वितीय पुरस्कार : 2500 रुपये
   - तृतीय पुरस्कार : 1000 रुपये
5. धर्मप्रांतीय स्तर पर प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले सकेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिये न्यूनतम 80% अंक प्राप्त करना अनिवार्य हैं।
6. भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम पल्ली पुरोहित के पास रु. 10/– के साथ रजिस्ट्रेशन करवा लें। पल्ली पुरोहित 5 अगस्त तक प्रतिभागियों का नाम, पल्ली तथा रु. 10/– रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ फा. अरुण सल्दान्हा के पास जमा करें।

   रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ : 1 जून 2015 **रजिस्ट्रेशन समाप्त :** 31 जुलाई 2015
7. बाइबिल अध्ययन के लिये फा. कामिल बुल्के का अनुवाद प्रयोग करें।
8. किसी भी पल्ली में 25 से अधिक प्रतिभागी हो, वहाँ परीक्षा केन्द्र हो सकता है। यदि 25 से कम प्रतिभागी हों तो आस–पास के केन्द्र में जाकर परीक्षा दे सकते हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में निगरानी के लिये केन्द्र प्रभारी, एक धर्मबहन और एक लोकधर्मी होना अनिवार्य है।
9. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् सभी उत्तर पुस्तिकाओं को फा. अरुण सल्दान्हा के पास भेजें।
10. अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :–

    फा. अरुण सल्दान्हा : 8005087709 **फा. ग्रेगरी फ्रैंक :** 9411699354

बाइबिल प्रश्नोत्तरी -12

(राजाओं का पहला ग्रन्थ अध्याय 12 से 22 तक)

प्रिय पाठकों, पुरोहितों के अलावा सभी इस क्विज में भाग ले सकते हैं। उत्तर पुस्तिका पर कृपया अपना नाम, पिता का नाम, पल्ली या संस्था का नाम और मोबाइल संख्या अवश्य लिखें। बाइबिल प्रश्नोत्तरी के लिए कामिल बुल्के की हिन्दी बाइबिल का ही संदर्भ लें। प्रथम Rs. 500, द्वितीय Rs. 300 तथा तृतीय Rs. 200 के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। यदि किसी पुरस्कार के लिए एक से अधिक विजेता पाए जाते हैं तो उनका निर्णय लॉट द्वारा किया जायेगा। आपके उत्तर हमें जुलाई 25, 2015 से पहले अवश्य मिल जाने चाहिए। कृपया केवल अपने उत्तर निम्न पते पर भेजें–**Rev. Fr. Arun Saldanah,** Bishop's House 63, Cantt. Bareilly 243 001 (U.P). E-mail: chetnabareilly1989@gmail.com

1. क्या हुआ पहले दो नायकों और उनके सैनिकों को जो एलियाह को लाने गये? What happened to the first two groups of fifty that were sent to get Elijah?
2. एलीशा ने एलियाह से क्या वर माँगा? What did Elisha request of Elijah?
3. एलीशा को चिढ़ाने वाले लड़कों को क्या हुआ? What happened to the children who mocked Elisha?
4. एलीशा ने किसको जिलाया? Whom did Elisha raised from death?
5. ''अगले वर्ष, इसी समय तुम्हारी गोद में पुत्र होगा'' किसने किससे कहा? "At this season in due time, you shall embrace a son," who said to whom?
6. मेरा हाथ उस लड़के के चेहरे पर रख दोगे। गलत शब्द को सही लिखें। Lay my hand on the face of the child. Correct the wrong word.
7. एलीशा का पहला चमत्कार क्या है? Which is the first miracle of Elisha?
8. एलीशा ने पानी के स्रोत में जाकर ———— डाला। Elisha went to the spring of water and threw the_____into it.
9. कोढ़ी नामान को एलीशा ने क्या करने को कहा? What did Elisha commanded to Naaman to do?
10. एलीशा की अनुमति के बिना नामान से उपहार लेने का क्या दंड गेहजी को मिला? What happened to Gehazi by accepting the offerings from Naaman?
11. विषैले खाद्य को स्वादिष्ट होने के लिए एलीशा ने क्या किया? What di do Elisha to purify the pot of stew?
12. ——— ने इस्राएल पर छापा मारना छोड़ दिया। _____ no longer came raiding into the land of Israel.
13. चार कोढ़ियों ने क्या करने को सोचा? What did the four men with leprosy decide to do?
14. ———— ने चादर ली और उसे पानी में डुबा कर राजा के सिर पर रखा। _____took the bed cover and dipped it in water and spread it over the king's face.
15. किसने प्रतिज्ञा की थी कि दाऊद और उसके वंशजों के लिए एक दीपक जलाये रखेगा? Who promised to give a lamp to David and to his descendants forever?
16. किसने योरोहम के विरुद्ध षड्यन्त्र रचा? Who conspired against Joram?
17. जब योहोराम यूदा का राजा बना तब उसकी उम्र क्या थी? What was the age of Joram when he became the king of Judah?
18. समारिया में ———— के सत्तर पुत्र थे। _____had seventy sons in Samaria.
19. ————लोगों का जयकार सुन कर प्रभु के मन्दिर में लोगों के पास आयी। _____heard the noise of the guard and of the people,and went into the house of the Lord to the people.
20. योआश की माता का नाम क्या है? Who is the mother of Jehoash?

मेरा विश्वास (धर्मशिक्षा प्रश्नोत्तरी) - 13

प्रिय पाठकों, पुरोहितों के अलावा सभी इस क्विज में भाग ले सकते हैं। उत्तर पुस्तिका पर कृपया अपना नाम, पिता का नाम, पल्ली या संस्था का नाम और मोबाइल संख्या अवश्य लिखें। धर्मशिक्षा प्रश्नोत्तरी के लिए **"मैं विश्वास करता हूँ –संक्षिप्त काथलिक धर्मप्रश्नोत्तरी"** पुस्तक का ही संदर्भ लें। प्रथम Rs. 500, द्वितीय Rs. 300 तथा तृतीय Rs. 200 के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। यदि किसी पुरस्कार के लिए एक से अधिक विजेता पाए जाते हैं तो उनका निर्णय लॉट द्वारा किया जायेगा। आपके उत्तर हमें जुलाई 25, 2015 से पहले अवश्य मिल जाने चाहिए। कृपया केवल अपने उत्तर निम्न पते पर भजें – **Rev. Fr. Arun Saldanha,** Bishop's House 63, Cantt. Bareilly - 243 001 (U.P). E-mail: chetnabareilly1989@gmail.com

1. ———— धर्मविधि सभी प्रार्थनाओं में सबसे महान प्रार्थना है।
2. येसु देर तक प्रार्थना करने के लिए अक्सर कहाँ जाते थे?
3. हमारे एकमात्र मध्यस्थ कौन हैं?
4. ———— हमें येसु के साथ घनिष्ठ संबन्ध की ओर ले जाता है। *(चेतना अंक : 06 देखें)*
5. ———— ईश्वर का महिमागान करते हैं और हमारे साथ मिलकर उससे निवेदन करते हैं।
6. जब हम ———— शब्द उच्चरित करते हैं तो हम गाब्रिएल दूत के शब्दों को दुहराते हैं।
7. ———— महासभा बतलाती है कि सम्पूर्ण जनता ईश्वर की माता और मनुष्यों की माता के समक्ष अपनी अत्यावश्यक प्रार्थना लाकर रखती है।
8. मेरे लिए प्रार्थना हृदय को ईश्वर की ओर ऊपर उठाना है। यह किसने कहा?
9. ———— मसीही जीवन का स्रोत और चरम बिन्दु है।
10. ———— में हमें ईश्वर और मनुष्य के बीच में सतत् वार्तालाप देखने को मिलता है।
11. यूखरिस्त में मसीही जनता ———— के साथ मिलकर ईश्वर को धन्यवाद देते हैं।
12. ———— के प्रति हमारी भक्ति कैथोलिक विरासत का अनिवार्य अंग है। *(चेतना अंक:06 देखें)*
13. येसु के पवित्र हृदय का संदेश यही है –हमारे प्रति ———— प्रेम। *(चेतना अंक:06 देखें)*
14. पिछले महीने में प्रभु येसु के पवित्र हृदय का समारोह कब मनाया गया?
15. ख्रीस्त के पवित्रतम शरीर और रक्त का महोत्सव कब मनाया जाता है?
16. संतों की महारानी और कलीसिया की माता कौन है?
17. हमारे प्रभु येसु ख्रीस्त का प्रेम–ईश्वर का सहचर्य –तथा पवित्र आत्मा की कृपा –आप सब को प्राप्त हो। यह वाक्य सही या गलत। गलत है तो सही कीजिये।
18. संत योहन बपतिस्ता का जन्मोत्सव कब मनाया जाता है?
19. मौखिक प्रार्थना दो घनिष्ठ मित्रों के बीच का आपसी सहभाजन या वार्तालाप है। किसने कहा?
20. ———— के अनुसार प्रार्थना, असीम दयालु पिता ईश्वर के साथ, उसके इकलौते पुत्र ईसा मसीह के साथ और पवित्र आत्मा के साथ, ईश्वर की संतान का, एक जीवन्त संबंध है।

पालांगंज

अमर उजाला

स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

बेटी बचाने संबंधी

को समान दर्जा देने संबंधी नारे लगाए

खटीमा मोहम्मदपुर भुड़िया गांव में शराब विरोधी मुहिम चलाती महिलाएं। जागरण

अमर उजाला

बरेली | 24 अगस्त 2014

मनरेगा

हिन्दुस्तान • बरेली • गुरुवार • 26 फरवरी 2015 •

सेवा समिति ने किया महिलाओं

सुचेतना सेवा समिति के बैनर तले एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख

बंडा | हिन्दुस्तान संवाद

पीलीभीत

विकलांग बच्चों को पुरस्कृत किया गया

शराब बंदी के लिए सड़क पर उतरीं महिलाएं

जागरण संवाददाता, खटीमा : मोहम्मदपुर भुड़िया गांव में अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाएं भड़क उठीं। उन्होंने गांव में जनजागरण अभियान चलाया। साथ ही दर्जनों लीटर कच्ची शराब नष्ट कर दी। शनिवार को गांव की महिलाएं एकत्र होकर निकालकर लोगों को इसके प्रति सचेत किया।

इतना ही नहीं महिलाओं ने कच्ची शराब बेचने वालों के ठिकानों से शराब बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उन्हें बेचते पाया गया

कन्या भ्रू

बरेली • गुरुवार • 15 जनवरी 2015 • हिन्दुस्तान

सुचेतना ने आयोजित की खेल प्रतियोगिता

बंडा। सुचेतना समाज सेवा संस्था ने गांव भौरखेड़ा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। ठंड की छुट्टियों में स्कूली बच्चों को सक्रिय बनाये रखने के उद्देश्य से संस्था ने गांव स्तर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल ... तथा स्वास्थ्य प्रबंधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। ... लीटर अलका, हरिओम, अजयपाल, सोनी, नेहा का सहयोग रहा।

आदि स्थानों पर जन जागृति अभियान चलाया। इस दौरान कन्या भ्रूण हत्या

चौहान, पूजा चौहान, नीतू चौहान, रीता, राखी, रुबी मलिक, आदि थीं।

व्यक्ति विशेष का भी होता है पतन

समाज सेवा संस्था के तत्वावधान में ग्रामीण ... अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर ...

स्वतंत्र भारत 4

स्कूल चलो रैली निकाली

Suchetna

Fonseca Estate, Kathgodam
Nainital (Uttrakhand)
email : bdsuchetna@gmail.com
website : www.suchenta.org
phone : 05946-266753